महत्वपूर्ण एवं खास

जानलेवा गड्ढों को 24 घंटे के भीतर भरा जाए वरना चक्काजाम: जदयू

कोरबा। सर्वमंगला चौकी से इमलीछापर जाने वाले निर्माणाधीन मार्ग पर जगह-जगह जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढे के कारण लोगों को आवागमन में परेशानियां हो रही है। कई बार दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। जनतादल युनाइटेड ने मार्ग पर बने इन जानलेवा गड्ढों को 24 घंटे के भीतर गिट्टी पटवाकर आवागमन सुगम बनाने की मांग की है। साथ चेतावनी दी है कि इन गड्ढों को शीघ्र ही नहीं पाटा गया तो उनकी पार्टी चक्काजाम आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। जिसकी जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी। कलेक्टर को प्रेषित ज्ञापन में जनतादल युनाईटे के जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण महतो ने कहा कि जिले के नागरिकों को सर्वमंगला इमलीछापर रोड में बने गढ्डों से चलकर आवागमन करना पड़ रहा है। ठेका कंपनी एक ओर रोड नहीं बना रहा है। पूर्व कलेक्टर ने निर्माण कार्य महीनों तक रूकवा दिया था, जिसका खामियाजा कोयलांचल की आबादी को भुगतना पड़ रहा है। मांग है कि इन गड्डों को 24 घंटे के भीतर पटवाने के साथ ही पानी निकासी की भी व्यवस्था करायी जाए। अन्यथा उनकी पार्टी जनहित में इस मुद्दे को लेकर चक्काजाम करेगी।

आजादी के अमृत महोत्सव पर देशभक्ति गीत संध्या 14 को

कोरबा। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 75 वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर गीतांजलि भवन पुराना बस स्टैंड कोरबा में 14 अगस्त की शाम 5 बजे देशभक्ति गीत संगीत कार्यक्रम एक शाम शहीदों के नाम का आयोजन जिला अधिवक्ता संघ कोरबा द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला सत्र न्यायाधीश डी एल कटकवार, महापौर राजकिशोर प्रसाद, पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, सभापति श्याम सुंदर सोनी एवं गणमान्य नागरिक व अधिकारी सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। 14 अगस्त की शाम 5 बजे आयोजित गीत संध्या में न्याय विभाग, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, अधिवक्ता संघ, चिकित्सा विभाग, प्रेस क्लब, शिक्षा विभाग सहित औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं सामाजिक संस्थाओं के गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। शहर के गणमान्य नागरिकों एवं शासकीय अधिकारियों की उपस्थिति में देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दिया जाएगा फिर विभिन्न संस्थाओं के गीतकार देशभक्ति गीत संगीत का आयोजन करेंगे।

चोरी का लोहे छड़ ले जाते 1 आरोपी व 1 अपचारी बालक पकड़ाए

कोरबा। अवैध कारोबार के विरुद्ध कार्यवाही रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है। उसी तारतम्य में 10 अगस्त 2022 के दरम्यानी रात्रि गस्त के दौरान कुम्हार पारा के पास 02 लडक़े सडक़ निर्माण के लिए रखे गए लोहे का सरिया और अन्य सामान को सायकल में लोड कर ले जाते हुए मिले जिनसे पूछताछ कर कागजात मांगने पर पेश नही कर सके। चोरी का सामान होने के पूर्ण संभावना पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 41-1-4, जाफौ 379 भादवि के अंतर्गत कार्यवाही कर आरोपी अनिल पटेल उर्फ पप्पू पिता राधेश्याम पटेल उम्र 25 वर्ष साकिन दारुभ_ी के पास पाली को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया व अपचारी बालक को पृथक से बाल न्यायालय में पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पाली तेजकुमार यादव, सउनि डी आर ठाकुर, आरक्षक 180 अनिल कुर्रे, 58 पुष्पेंद्र साहू, सैनिक 50 कृष्णा डिकसेना का विशेष योगदान रहा।

ननकीराम की अगुवाई में ग्राम पहंदा में कल निकलेगी प्रभात फेरी

कोरबा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर आजादी के 75वीं वर्षगांठ पूरा भारतवर्ष अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश एवं जिला भाजपा के निर्देशानुसार उरगा मण्डल के तिलकेजा शक्तिकेन्द्र के पहंदा ग्राम में कल दिनांक 13 अगस्त को प्रात: 06 बजे तिरंगा झंडा के साथ प्रभात फेरी क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व गृहमंत्री छ:ग शासन ननकीराम कंवर की अगुवाई में निकाली जाएगी।

लगातार बारिश से सड़क पर हुए गड्ढों को भरने का काम युद्धस्तर पर जारी

❐ टाटीबंध सडक़ के गड्ढे भरे गए, वाहनों की आवाजाही हुई आसान

❐ कलेक्टर के निर्देश पर एनएचएआई ने मेटल और मुरूम से भरे गड्ढे

रायपुर (आरएनएस)। पिछले दिनों से लगातार हो रही बारिश से सडक़ों पर हुए गड्ढ़ों को भरने का काम तेजी से युद्ध स्तर पर जारी है। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे के निर्देश पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अमले ने सबसे पहले टाटीबंध सडक़ पर हो गए बड़े बडे गड्ढ़ों को मेटल और मुरूम से पाट दिया है। निर्माणाधीन टाटीबंध ओवर ब्रिज की इस सडक़ पर गड्ढ़ों के ठीक हो जाने से वाहनों का आवागमन आसान हुआ है। साथ ही दुर्ग, बिलासपुर और रायपुर शहर की ओर की सडक़ों पर वाहनों के जाम की स्थिति से भी निज़ात मिली है।

पिछले तीन चार दिनों से लगातार हो रही बारिश से शहर में निर्माणाधीन टाटीबंध ओवर ब्रिज वाली सडक़ पर पानी भरने और भारी वाहनों की आवाजाही से बड़े गड्ढ़े हो गए थे। इन गड्ढ़ों के कारण सडक़ पर सभी ओर वाहनों की जाम की स्थिति बन रही थी साथ ही लोगो को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बारिश के कारण सडक़ पर मिट्टी से कीचड़ भी मच गया था जिस से दुर्घटनाओं की भी आशंका थी। ऐसे में कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने मिली सूचनाओं और समाचार पत्रों में छपी खबरों को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को तत्काल गड्ढ़ों को भरकर सडक़ को आवागमन लायक बनाने के निर्देश दिए थे।

कलेक्टर डॉ भुरे के कड़े निर्देशों पर अमल करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम ने दिन रात युद्ध स्तर पर काम कर इस सडक़ के गड्ढ़ों को मेटल गिट्टी और मुरुम से पाट कंप्रेसिंग कर रोल किया है। बारिश में कमी और थोड़ी धूप ने कर्मियों की सहायता की और सडक़ अब वाहनों के आवागमन के लायक हो गई है। सडक़ की तात्कालिक मरम्मत और गड्ढ़े भर जाने से अब टाटीबंध से सरोना, सिलतरा,कुम्हारी और भनपुरी सहित शहर के अंदर आने वाली सडक़ पर भी वाहन आसानी से चल रहे है। कलेक्टर के निर्देश पर जन सुविधा के लिए शहर की अन्य सडक़ों पर भी बारिश से हुए गड्ढ़ों को भरने का काम तेजी से किया जा रहा है।

राज्य में 39 लाख 80 हजार हेक्टेयर में हो चुकी खरीफ फसलों की बुआई

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में खरीफ फसलों की 39 लाख 80 हजार 980 हेक्टेयर बुआई हो चुकी है, जो निर्धारित लक्ष्य का 83 प्रतिशत है। अब तक खरीफ फसलों के तहत सर्वाधिक 23 लाख 87 हजार 150 हेक्टेयर में धान की बोता बोनी हुई है, जबकि 8 लाख 37 हजार 880 हेक्टेयर में धान की रोपाई हो चुकी है। इसके अलावा मोटे अनाज की 2 लाख 84 हजार 650 हेक्टेयर में, दलहन की 2 लाख 20 हजार 850 हेक्टेयर में, तिलहन की 1 लाख 8 हजार 720 हेक्टेयर में तथा सब्जी एवं अन्य फसलों की 1 लाख 41 हजार 730 हेक्टेयर में बुआई पूरी कर ली गई है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में धान की कुल 32 लाख 25 हजार हेक्टेयर में, मक्का की 2 लाख 10 हजार 520 हेक्टेयर में, कोदो-कुटकी की 57 हजार 700 हेक्टेयर में, रागी की 16 हजार 430 हेक्टेयर में इस प्रकार अनाज की कुल बोनी 35 लाख 9 हजार 680 हेक्टेयर में पूरी हो चुकी है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का 92 प्रतिशत है। राज्य में दलहन फसलों की कुल बोनी 2 लाख 20 हजार 850 हेक्टेयर में हुई है, जिसमें अरहर 1 लाख 13 हजार 740 हेक्टेयर में, मूंग 13 हजार हेक्टेयर में, उड़द 92 हजार 600 हेक्टेयर में तथा कुल्थी की 1430 हेक्टेयर में बुआई शामिल है। तिलहन फसलों की बोनी 1 लाख 8 हजार 720 हेक्टेयर में हुई है, जिसमें मूंगफली 49 हजार 760 हेक्टेयर में, तिल 18 हजार 620 हेक्टेयर, रामतिल 1330 हेक्टेयर में, सूरजमुखी 150 हेक्टेयर में तथा सोयाबीन की बोनी का रकबा 38 हजार 860 हेक्टेयर शामिल हैं। साग-सब्जी और अन्य फसलों की बुआई 1 लाख 41 हजार 730 हेक्टेयर में पूरी कर ली गई है। राज्य में चालू खरीफ सीजन में 5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान की प्रचलित किस्मों के स्थान पर सुगंधित धान, जिंक धान, जैविक धान, मक्का, कोदो-कुटकी, दलहन और तिहलन की फसलों के साथ-साथ गन्ना की खेती को बढ़ावा देने के विशेष कार्यक्रम संचालित है। 2 लाख एक हजार 417 हेक्टेयर में प्रचलित धान के बदले अन्य फसलों के खेती के लिए 3 लाख 87 हजार 979 किसानों ने सहमति दी है। अब तक 92,772 किसानों द्वारा 51 हजार 972 हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ना एवं अन्य उद्यानिकी फसलों की बुआई भी पूरी कर ली गई है।

विशेष बच्चों के बीच पहुंची कलेक्टर : उनकी समस्याओं का 1 दिन में किया समाधान

❐ लंबित आवेदन पर तत्काल हुई कार्यवाही, कलेक्टर रानू साहू ने जारी किया आदेश

❐ विशेष बच्चों की देखरेख के लिए अब एक ही जगह पर जुट सकेंगी सारी सुविधाएं

रायगढ़। कलेक्टर रानू साहू की संवेदनशील पहल से उन्नायक सेवा समिति द्वारा बेंद्राचुआ में संचालित नई उम्मीद संस्था के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की अब और बेहतर देखरेख हो सकेगी। उन्हें एक ही जगह पर विद्यालय, छात्रावास, अस्पताल, खेल का मैदान, पार्क एवं अन्य सुविधाएं मिलेंगी। जिससे उनके पढ़ाई-लिखाई के साथ खेलकूद और इलाज का इंतजाम एक ही जगह पर हो सकेगा।

कलेक्टर रानू साहू ने इसके लिए संस्था के भूमि आबंटन के आवेदन का विषय संज्ञान में लेते हुए तत्काल उस पर कार्रवाई करते हुए स्थाई पट्टा आवंटित करने की स्वीकृति के आदेश जारी कर दिए हैं।

दरअसल कलेक्टर रानू साहू नई उम्मीद संस्था के बच्चों के साथ राखी का त्यौहार मनाने पहुंची थी। यहां उन्होंने संस्था के कामकाज, बच्चों के लिए मौजूद सुविधाओं और संस्था के लिए आवश्यक संसाधनों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान ज्ञात हुआ कि संस्था प्रबंधन भूमि के आवंटन के लिए आवेदन लगा रखा है। जिस पर कार्रवाई की जानी है। प्रबंधन ने बताया कि समिति द्वारा 07 विभिन्न स्थानों पर दिव्यांगों, अनाथ, अभ्यर्पित, परित्यक्ता, एकल अभिभावक वाले एवं सुरक्षा तथा संरक्षण के जरूरतमंद बालक एवं बालिकाओं के लिए संस्थाएं संचालित हैं। सभी संस्थाएं किराए के भवन में संचालित हैं जिससे हितग्राहियों को पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। कलेक्टर साहू ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जल्द व्यवस्था का आश्वासन दिया था। जिसके पश्चात उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस विषय पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए और एक दिन के भीतर ही उनके आवेदन पर कार्रवाई करते हुए राजस्व नियमावली के तहत आवेदक संस्था को भूमि आबंटन की स्वीकृति के आदेश कलेक्टर रानू साहू ने जारी कर दिए हैं। इसके लिए उक्त भूमि पर वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रचलित गाइडलाइन के आधार पर बाजार मूल्य का 75 प्रतिशत प्रब्याजी तथा समतुल्य दांडिक प्रब्याजी के साथ वार्षिक भू-भाटक, पंचायत उपकर, अधोसंरचना एवं पर्यावरण उपकर सहित कुल राशि निर्धारित की गई है। इसके साथ ही उनके लिए सामान्य एवं विशेष शर्तें भी निर्धारित की गई हैं। जिससे निवासरत बच्चों को अधिक से अधिक सुविधाएं मिल सके।

पिकअप में चोरी का कबाड़ ले जाते तीन आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। अवैध कारोबार के विरुद्ध कार्यवाही एवम रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है। उसी तारतम्य में 10 अगस्त 2022 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ की 3 व्यक्ति पिक अप वाहन में बिलासपुर की ओर जा रहे हैं जिसमें लोहे का कबाड़ लोड है जिसका कागजात नही है। पिकअप वाहन को चेक करने पर लगभग 2.5 टन लो ही का कबाड़ भरा हुआ मिला जिसके संबंध में वैद्य कागजात की मांग की गई,आरोपीगण द्वारा कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसे चोरी का सामान होने के पूर्ण संभावना पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 41-1-4, जाफौ, 379 भादवि के अंतर्गत आरोपीगण जितेंद्र सोनवानी, शेख जाकिर, जाहिद अली सभी साकिनान बिलासपुर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पाली तेजकुमार यादव, प्रधान आरक्षक हिरावन सरते, आरक्षक चंद्र विजय चंद्रा, तेज प्रकाश अजय, शैलेंद्र कुमार तंवर, विजेश कंवर का विशेष योगदान रहा।

हाथियों के दल ने ग्रामीणों के मकान को ढहाकर फसलों को किया नुकसान

कोरबा। कटघोरा वनमंडल में हाथी समस्या खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। यहां के पसान रेंज में 26 हाथी दो अलग-अलग झुंडों में घूम रहे हैं। इन हाथियों ने बीती रात खोडरी व तुलबूल गांव में उत्पात मचाते हुए इन ग्रामीणों के घर को ढहा दिया। जबकि 05 किसानों की फसल भी रौंद दी। हाथियों के उत्पात से ग्रामीण दहशत में है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक तीन हाथी मरवाही क्षेत्र से फिर पसान सर्किल के खोडरी गांव पहुंच गए हैं।

इन हाथियों ने बीती रात बस्ती में प्रवेश कर एक ग्रामीण के मकान को ढहा दिया, जबकि पसान रेंज के ही लैंगा सर्किल के लोकड़हा क्षेत्र में घूम रहे 23 हाथियों के दल में से कुछ उत्पाती हाथी अलग होकर रात में तुलबूल गांव पहुंच गए और यहां उत्पात मचाते हुए दो ग्रामीणों के घर को तोड़ दिया। जबकि शेष हाथियों ने खेतों में पहुंचकर किसानों की बड़ी संख्या में फसल रौंद दी। हाथियों द्वारा खोडरी व तुलबुल में उत्पात मचाकर घर तोड़े जाने व फसलों को नुकसान किये जाने की सूचना पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और नुकसानी का सर्वे शुरू कर दिया है। रेंजर धर्मेंद्र चौहान ने बताया कि हाथियों को लेकर वन विभाग पूरी तरह सतर्क है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथियों के मौजूद रहने की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए उनसे हाथियों से दूर रहने को कहा गया है। वन विभाग के कर्मचारी हाथियों की लगातार निगरानी कर रहे है।

जमीन के बदले रोजगार: एसईसीएल मुख्यालय में घुसकर भूविस्थापितों ने दिया धरना, कहा-सितम्बर में फिर करेंगे खदान बंद

कोरबा। जमीन के बदले रोजगार की मांग को लेकर कुसमुंडा में आंदोलन कर भू-विस्थापितों ने एसईसीएल बिलासपुर मुख्यालय में अधिकारियों से चर्चा करने पहुंचे, पर सुरक्षा कर्मियों द्वारा मिलने से रोकने पर वाद-विवाद होने की वजह से प्रतिनिधि मंडल कार्यालय के अंदर ही धरना में बैठ नारेबाजी करने लगे। बाद में निदेशक तकनीक एस के पाल ने बैठक कर कहा कि प्रत्येक खातेदार को रोजगार देने की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी और दोहरे भू-अर्जन में दो रोजगार दिया जाएगा।

लंबित रोजगार प्रकरणों के शीघ्र निपटारा जल्द नहीं होने की वजह से भू-विस्थापितों का सब्र टूटता जा रहा है। हालांकि एसईसीएल ने न्यूनतम दो एकड़ अधिग्रहण पर एक रोजगार देने के नियमों में बदलाव करते हुए एक अर्जन पर एक रोजगार देने के साथ, दोहरे अर्जन में रोजगार देने और नाती पोते को रोजगार देने के लिए आंदोलन के दबाव में अपना नियम को बदलना। किसान सभा के जिला सचिव प्रशांत झा ने कहा कि भू-विस्थापितों की 283 दिन पहले शुरू की गई आंदोलन में प्रमुख मांग थी कि भूमि सीमा की बाध्यता को खत्म करते हुए हर अर्जन पर एक स्थायी नौकरी दी जाए। बुधवार को एक प्रतिनिधि मंडल एसईसीएल बिलासपुर मुख्यालय वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करने पहुंचा, तब वहां पदस्थ सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। इस पर प्रतिनिधि मंडल के साथ सुरक्षा कर्मियों की नोंक-झोंक हो गई। नाराज भू-विस्थापित जमीन में बैठ कर नारेबाजी करने लगे। इससे सीएमडी कार्यालय में तनाव पूर्ण स्थिति निर्मित हो गई। बाद में एसईसीएल के निदेशक तकनीक पीएडंपी एसके पाल ने प्रतिनिधि मंडल से चर्चा कर मांग पूरी करने का आश्वासन दिया। अर्जन के बाद जन्म वाले सभी भू-विस्थापितों के फाइलों को भी पूर्ण करने का निर्देश डीटी ने क्षेत्रीय महाप्रबंधकों को दिया। रोजगार एकता संघ के दामोदर श्याम और रेशम यादव ने लंबित रोजगार प्रकरणों में वनटाईम सेटलमेंट के आधार पर रोजगार देने पर जोर दिया।

आनलाइन ठगी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। बहाने से एटीएम कार्ड व पिन लेकर आनलाइन ठगी कर लाखों का चूना लगाने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इनके पास से 16 एटीएम कार्य बरामद किया। जबकि मामले का मुख्य आरोपित तक अभी पुलिस पहुंच नहीं सकी है। क्षेत्र में उत्तर प्रदेश, बिहार समेत अन्य राज्यों से आनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के कुछ सदस्य जिले में सक्रिय होने की खबर पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह को मिल रही थी। इस गिरोह द्वारा ठगी की गई रकम ट्रांसफर करने के लिए बैंक खाता व एटीएम कार्ड की व्यवस्था कर अपने सरगना तक पहुंचा रहे थे।

इसी दौरान सुभाष राव ने थाना दीपका में रिपोर्ट दर्ज कराई कि अजय सिंह कंवर कंपनी में लेबर पेमेंट के नाम पर उसकी पत्नी का एटीएम कार्ड और पिन ले लिया है। बैंक में जाकर पता करने पर लगभग दो से ढाई लाख रुपये का ट्रांजैक्शन होना बताया गया। अजय ने धोखाधड़ी कर राशि स्थानांतरित कर ली। मामले में थाना दीपका में अजय सिंह के विरुद्ध धारा 420 के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अजय सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने बताया कि दो साल पहले अपने साथी अनिल कुमार केंवट के साथ अंबिकापुर गया था, वहां बिहार पटना निवासी एक व्यक्ति से पहचान हुई थी। उसने कहा कि एक एटीएम कार्ड के बदले में 5000 रूपये कमीशन देगा। तब से रकम कमाने के लालच में दोनों करीब 70 एटीएम कार्ड अभी तक ठग गिरोह के सरगना तक पहुंचा चुके हैं। उसने बताया कि वर्तमान में अलग-अलग बैंकों के 16 एटीएम अलग-अलग व्यक्तियों से धोखे से लेकर रखे हैं, जिसे आरोपित के निशानदेही पर जब्त कर लिया गया। पुलिस ने मामले में अजय सिंह 27 साल निवासी पंखादफाई, थाना बांकीमोंगरा के साथ ही साथी अनिल कुमार केंवट 29 साल पता भैरोताल, वार्ड नंबर 57 थाना कुसमुण्डा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया।

वहीं मामले के मुख्य सरगना को पकडऩे के लिए टीम बिहार भेजी जा रही है। ठग गिरोह के सदस्य दीपका के आसपास के क्षेत्र में घूम कर लोगों को यह कहकर कि हम लोग कंपनी में काम करते हैं। कंपनी द्वारा सभी कर्मचारियों को बैंक खाता के माध्यम से तनख्वाह दिया जाता है, किंतु कुछ कर्मचारियों का बैंक में खाता नहीं है जिससे उनका तनख्वाह नहीं मिल पा रहा है। उन कर्मचारियों का तनख्वाह खातों में जमा होगा, उसे एटीएम के माध्यम से आहरण करेंगे, कुछ रकम कमीशन के रूप में देने का झांसा देकर एटीएम धारकों से उनका एटीएम एवं पिन नंबर मांगते थे।

भूविस्थापित गोपाल-फिरतु दास के शहादत दिवस पर नरईबोध में श्रदांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की किसान सभा ने

❐ शाहदत दिवस पर भू विस्थापित एक जुटता दिवस बनाते हुए रोजगार, बसावट के लिए संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया भू विस्थापितों ने

कोरबा। ग्राम नराइबोध गोलीकांड की 25 वी बरसी के अवसर पर 11 अगस्त को भूविस्थापित एक जुटता दिवस का आयोजन करते हुए किसान सभा ने नरईबोध में हुए गोलीकांड स्थल जो की अब गेवरा खदान क्षेत्र के अंदर है खदान के अंदर आम पेड़ के पास उपस्थित होकर गोपाल एवं फिरतु दास को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रोजगार और बसावट की मांग को लेकर संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव प्रशांत झा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 11अगस्त 1997 में एसईसीएल कुसमुंडा खदान के लक्ष्मण परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण का ग्रामीणों द्वारा शांति पूर्ण विरोध किया जा रहा था। विरोध कर रहे ग्रामीणों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच शांतिपूर्ण वार्तालाप के दौरान चुपचाप और निहत्थे बैठे किसानों के उपर दमनात्मक कार्यवाही करते हुए एसईसीएल को जमीन सौंपने के लिए पुलिस ने गोली चलवा दी थी जिसमें दो भूविस्थापित गोपाल एवं फिरतु दास की मौत हो गयी और दर्जनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। किसान सभा के नेता जवाहर सिंह कंवर और दीपक साहू ने कहा कि विकास के नाम पर अपनी गांव और जमीन से बेदखल कर दीये गए विस्थापित परिवारों की जीवन स्तर सुधरने के बजाय और भी बदतर हो गई है। 40-50 वर्ष पहले कोयला उत्खनन करने के लिए किसानों की हजारों एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया था। विकास की जो नींव रखी गई है उसमें प्रभावित परिवारों की अनदेखी की गई है। खानापूर्ति के नाम पर कुछ लोगों को रोजगार और बसावट दिया गया।आज भी हजारों भूविस्थापित किसान जमीन के बदले रोजगार और बसावट के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। नरईबोध गोलीकांड और भू विस्थापित गोपाल. फिरतु दास के शहादत दिवस के 25 साल पूरा होने पर भू-विस्थापितों ने एक जुटता दिवस बनाते हुए रोजगार, पुनर्वासबसावट की मांगो को लेकर संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। सभा मे प्रमुख रूप से जवाहर सिंह कंवर, दीपक साहू,जय कौशिक, मोहन,नरेंद्र यादव, दिलहरण बींझवार,कन्हैया दास, हरनारायण, कृष्णा वस्त्रकार, प्रकाश भारद्वाज, पूर्णिमा महंत,गीता बाई, लता बाई,देव कुंवर, राममती, जान कुंवर, जीरा बाई, अमृता बाई, राम कुंवर, नीरा बाई, कनकन बाई, अघन बाई के साथ बड़ी संख्या में भू-विस्थापित उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के द्वारा सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU